दिन– सोमवार

दिनांक– 21 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01 जम्मू–कश्मीर के गांदरबल जिले के गगनगीर इलाके में हुये आतंकी हमले में बिहार के तीन मजदूरों समेत सात लोगों की मौत।

02. राज्य के छह हजार चार सौ बाईस पैक्स के लिए चुनाव की अधिसूचना जारी। पांच चरणों में होंगे मतदान।

03. बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए उच्च स्तरीय केन्द्रीय टीम बिहार दौरे पर। आज और कल बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का लेगी जायजा।

04. और, सारण तथा सीवान जिले में जहरीली शराब से हुई मौतों के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी मंटू सिंह को गिरफ्तार किया। स्प्रिट सप्लायर महेश गुप्ता भी उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार।

---

जम्मू–कश्मीर के गांदरबल जिले के गगनगीर इलाके में हुये आतंकी हमले में बिहार के तीन मजदूरों समेत सात लोगों की मौत हो गयी। जम्मू–कश्मीर पुलिस के अनुसार आतंकवादियों ने एक निजी कंपनी के श्रमिक शिविर पर हमला कर दिया। इस हमले में चार लोग घायल भी हुये हैं। घायलों को कंगन शहर के एक उप–जिला अस्पताल में ले जाया गया, जहां से गंभीर रूप से घायलों को श्रीनगर के एसकेआईएमएस अस्पताल भेज दिया गया। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने हमले की निंदा की। इधर, जम्मू–कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस हमले की निंदा की है। उन्होंने कहा कि मरने वालों की संख्या ओर बढ़ने की आशंका है, क्योंकि घायलों में कई की स्थिति गम्भीर बनी हुई है।

---

बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार ने पैक्स चुनाव कार्यक्रमों की अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार चुनाव पांच चरणों में होंगे। पहले चरण के लिए मतदान छब्बीस नवम्बर को, दूसरे चरण के लिए सत्ताईस नवम्बर को और तीसरे चरण के लिए उनतीस नवम्बर को होगा। वहीं, चौथे चरण के लिए एक दिसम्बर और पांचवें चरण के लिए तीन दिसम्बर को वोट डाले जायेंगे। मतों की गिनती मतदान के दिन या अगले दिन होगी। प्राधिकार के सचिव पुरूषोत्तम पासवान ने बताया कि छह हजार चार सौ बाईस पैक्स के लिए मतदान होगा। नगर निकायों में शामिल एक सौ बासठ पैक्स के लिए चुनाव बाद में कराये जायेंगे। पहले चरण के तहत एक हजार छह

सौ आठ, दूसरे चरण में सात सौ चालीस, तीसरे में एक हजार छह सौ उनसठ, चौथे में एक हजार एक सौ सैंतीस और पांचवें चरण में एक हजार दो सौ अठहत्तर पैक्स में चुनाव करवाये जायेंगे। उन्होंने बताया कि कुल बारह पदों के लिए चुनाव होगा। इसमें अध्यक्ष और सचिव का पद अनारक्षित रहेगा जबकि अन्य दस पदों में छह के लिए आरक्षण की व्यवस्था लागू होगी। इनमें से पिछड़ा, अति पिछड़ा, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए दो–दो पद आरक्षित होंगे। श्री पासवान ने बताया कि आरक्षित छह पदों में से एक–एक और सामान्य श्रेणी के दो पद महिलाओं के लिए आरक्षित होंगे। चुनाव कार्यक्रम की अधिसूचना जारी होने के साथ ही संबंधित क्षेत्रों में आचार संहिता लागू हो गयी है।

———————————————————————————

प्रदेश में हाल ही में आई बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए एक उच्च स्तरीय अंतर मंत्रालयी केंद्रीय टीम पटना पहुंच गयी है। सात सदस्यीय टीम का नेतृत्व गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव पार्थ सारथी कर रहे हैं। यह टीम आज और कल राज्य के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेगी। कल ही इस टीम का राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ पटना में बैठक का कार्यक्रम है। बैठक में बाढ़ से क्षति का आकलन किया जायेगा। यह टीम अपनी रिपोर्ट केन्द्र सरकार को सौंपेगी, जिसके बाद राज्य सरकार को केन्द्र से बाढ़ क्षतिपूर्ति मद में सहायता राशि मिलेगी। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने केन्द्र से बाढ़ क्षतिपूर्ति मद में तीन हजार छह सौ अड़तीस करोड़ रुपये की मांग की है।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के उन्नीस अधिकारियों का तबादलता कर दिया है जबकि तीन अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। विनोद सिंह गुंजियाल को मद्य निषेध आयुक्त के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया गया है। रजनीश कुमार सिंह नये उत्पाद आयुक्त बनाये गये हैं। बी. कार्तिकेय धनजी को पथ निर्माण विभाग में सचिव, राहुल कुमार को वित्त विभाग में विशेष सचिव जबकि रंजीता को समाज कल्याण विभाग का निदेशक बनाया गया है। जीविका की मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिलाषा कुमारी शर्मा को मनरेगा आयुक्त की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

———————————————————————————

सारण और सीवान जिले में जहरीली शराब से हुई मौतों के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी मंटू सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। सारण रेंज के डीआईजी निलेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ में स्प्रिट से शराब बनाने की बात

सामने आयी है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के भाटपार रानी से स्प्रिट की तस्करी की जाती थी। स्प्रिट सप्लायर महेश गुप्ता को भी गिरफ्तार कर लिया है। वह उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। डीआईजी ने बताया कि शराब माफिया की सम्पत्ति जब्त करने के लिए आर्थिक अपराध इकाई को पत्र भेजा जा रहा है।

——————————————————————————

सीवान जिले के नौतन थाना क्षेत्र अन्तर्गत मदन मोड़ और सोना चौक के बीच स्थित एक आभूषण दुकान से अपराधियों ने लगभग साठ लाख रूपये मूल्य के जेवरात लूट लिये। पुलिस अधीक्षक अमितेश कुमार ने बताया कि चार की संख्या में आये अपराधियों ने हथियार के बल पर घटना को अंजाम दिया। भागने के क्रम में अपराधियों ने कई राउंड हवाई फायरिंग भी की। उन्होंने बताया कि मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है।

——————————————————————————

प्रदेश में डेंगू के नये मामलों के मिलने का सिलसिला लगातार जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान एक सौ अंठानवे नये मामलों की पुष्टि हुई। इसमें एक सौ आठ मरीज पटना के हैं। पटना का कंकड़बाग, बांकीपुर, पटना सिटी, अजीमाबाद और पाटलिपुत्र कॉलोनी डेंगू का हॉटस्पॉट बना हुआ है। जाने माने चिकित्सक डॉक्टर माधव धर्वे ने डेंगू के लक्षण और इलाज के बारे में जानकारी दी।

———बाईट———

——————————————————————————

प्रदेश में मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग ने कहा है कि तेईस अक्टूबर से राज्य के कई हिस्सों में बारिश होने की संभावना है। तेईस और चौबीस अक्टूबर को राज्य के पूर्वी हिस्से के साथ—साथ बक्सर, भोजपुर, रोहतास और कैमूर जिले में हल्की बारिश हो सकती है। वहीं, पच्चीस से छब्बीस अक्टूबर के बीच पूरे राज्य में हल्की बारिश का पूर्वानुमान है। इस दौरान हवा की गति बीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे तक रह सकती है।

——————————————————————————

पश्चिम चम्पारण के वाल्मीकिनगर टाईगर रिजर्व में आज से जंगल सफारी शुरू हो गयी है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से—

———बाईट———

चार महीने के बाद वाल्मीकिनगर टाईगर रिजर्व पर्यटकों के लिए खोला गया है। वीटीआर के वाल्मीकिनगर, मंगुराहा और गोबर्द्धना के पर्यटन केन्द्रों पर जंगल सफारी की शुरूआत हुई है। पर्यटकों का स्वागत पारंपरिक आदिवासी झमटा नृत्य से किया गया। इस बार पर्यटकों के लिए लवकुश रिवर पाथ—वे और लवकुश झूला पर्यटकों

के लिए आकर्षण का केन्द्र होगा। जंगल सफारी शुरू होने के पहले दिन ही वाल्मीकि बिहार स्थित सभी कमरे बुक हो गये हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए वाल्मीकिनगर से आशीष कुमार।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज राज्य के नवनियुक्त एक हजार दो सौ उनतालीस दारोगा को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। गृह विभाग और पुलिस मुख्यालय द्वारा पटना के बापू सभागार में आयोजित कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र का वितरण किया जायेगा। इस मौके पर राज्य में पहली बार ट्रांसजेंडर पुलिस अवर निरीक्षकों को भी नियुक्ति पत्र सौंपा जाएगा। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी मौजूद रहेंगे।

———————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति डीएलएड पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए अट्ठाईस अक्टूबर को तीसरी मेधा सूची जारी करेगा। इस सूची में शामिल अभ्यर्थी एक नवम्बर तक आवंटित संस्थानों में नामांकन ले सकेंगे।

———————————————————————

नेशनल कॉउंसिल ऑफ एजुकेशन, रिसर्च एंड ट्रेनिंग, एनसीईआरटी ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए साथी योजना लांच की है। इसके जरिये छात्र जेईई, नीट और एसएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी निःशुल्क कर सकेंगे।

———————————————————————

राज्य के पहले मुख्यमंत्री बिहार केसरी डॉक्टर श्री कृष्ण सिंह की आज जयंती है। इस अवसर पर प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। पटना स्थित मुख्य सचिवालय में आयोजित होने वाले राजकीय समारोह में श्री कृष्ण सिंह की प्रतिमा पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत अन्य गणमान्य लोग श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

———————————————————————

आज पुलिस संस्मरण दिवस है। इक्कीस अक्टूबर उन्नीस सौ उनसठ में भारत–चीन सीमा पर लद्दाख में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के दस जवानों की शहादत की याद में यह दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर पटना स्थित बिहार पुलिस मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी गयी।

———————————————————————

पटना के पीरबहोर थाना क्षेत्र अन्तर्गत कुतुबुद्दीन लेन में अपराधियों ने एक होटल संचालक की गोली मार कर हत्या कर दी। मृतक के परिजनों ने रंगदारी नहीं देने पर हत्या किये जाने का आरोप लगाया है।

———————————————————————

मुंगेर जिले के नया रामनगर थाना क्षेत्र के रामनगर मोहल्ला में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। मृतक के परिजनों ने शराब पीने से मौत की बात कही है। इधर, जिला प्रशासन ने कहा है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

———————————————————————————

उत्पाद विभाग की टीम ने पटना से सोनपुर ले जायी जा रही शराब की एक खेप जे.पी. सेतु पर जब्त की है। मौके से तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया। दूसरी तरफ, अररिया जिले के मदनपुर और भरगामा थाना क्षेत्र से पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिले के नरकटियागंज के पिपरा गांव स्थित हरबोड़ा नदी में तीन बच्चियां डूब गयी। इसमें से एक की मौत हो गयी जबकि एक को बचा लिया गया। वहीं, एक अन्य की तलाश जारी है।

———————————————————————————

एसटीएफ की टीम ने गया से कुख्यात नक्सली बसंत महतो को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, एसटीएफ ने पटना के मुसल्लहपुर से खगड़िया के कुख्यात अपराधी आदित्य कुमार को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

हांग कांग में आयोजित ड्रैगन बोट एशियन चैंपियनशिप में अरवल जिला के करपी प्रखण्ड की कोमल कुमारी ने बोटिंग रेस स्पर्धा के दौ सौ और पांच सौ मीटर वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया है।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान लिखता है– कश्मीर में आतंकी हमला, बिहार के तीन मजदूरों समेत सात की मौत।

दैनिक जागरण ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हवाले से लिखा है– नई राजनीति की धुरी बनें युवा।

प्रभात खबर की सुर्खी है– जमाबंदी का ब्योरा नहीं देने पर नहीं मिलेंगे पीएम किसान सम्मान निधि के छह हजार रूपये।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– बिहार विधानसभा की चार सीटों के लिए हो रहे उपचुनाव में प्रत्याशी तय। तीन पर मुकाबला त्रिकोणीय।

राष्ट्रीय सहारा ने लिखा है– आतंकियो की भर्त्ती के लिए हो रहा है ऑनलाईन मंचों का इस्तेमाल।

आज अखबार लिखता है– जेईई मेन जनवरी के अंतिम सप्ताह में और नीट चार मई को सम्भावित।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर................

01 जम्मू–कश्मीर के गांदरबल जिले के गगनगीर इलाके में हुये आतंकी हमले में बिहार के तीन मजदूरों समेत सात लोगों की मौत।

02. राज्य के छह हजार चार सौ बाईस पैक्स के लिए चुनाव की अधिसूचना जारी। पांच चरणों में होंगे मतदान।

03. बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए उच्च्च स्तरीय केन्द्रीय टीम बिहार दौरे पर। आज और कल बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का लेगी जायजा।

04. और, सारण तथा सीवान जिले में जहरीली शराब से हुई मौतों के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी मंटू सिंह को गिरफ्तार किया। स्प्रिट सप्लायर महेश गुप्ता भी उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।